250 नई गाड़ियां शामिल हुईं दिल्ली पुलिस के बेड़े में



रविवार को एलजी ने इन गाड़ियों को बांसेरा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

जी-20 की सुपर एक्टिव मोड में चल रही तैयारियों के बीच रविवार का दिन दिल्ली पुलिस के लिए खास रहा। दिल्ली पुलिस के बेड़े में 250 कारें शामिल की गईं। रविवार को एलजी वीके सक्सेना ने पुलिस के लिए खरीदी गई इन गाड़ियों को बांसेरा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नई खरीदी गई इन गाड़ियों में 100 मारुति अर्टिगा और 150 बोलेरो शामिल हैं।

खास बात है कि गृह मंत्रालय ने 850 हल्की गाड़ियों को भी सेंक्शन किया है। इन 850 हल्की गाड़ियों में 300 मारुति अर्टिगा, 200 महिंद्रा बोलेरो, 100 महिंद्रा स्कॉर्पियो और 250 टोयोटा इनोवा शामिल हैं। बाकी गाड़ियों को धीरे-धीरे बेड़े में शामिल किया जाएगा। एलजी वीके सक्सेना ने भी अपने ट्वीट में कहा, दिल्ली पुलिस की 250 नई गाड़ियों को बांसेरा से यमुना तट पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।